संख्या ए-12023/04/2013-प्रशा.IV(वॉल्यूम.II)
भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

पांचवां तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001
**दिनांक 21 अगस्त, 2017**

सेवा में,

1. सभी उच्च न्यायालयों के महारजिस्ट्रार।
2. भारत सरकार के सचिव, भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
3. सभी राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव।
4. कारपोरेट कार्य मंत्रालय में सभी क्षेत्रीय निदेशक/कंपनी रजिस्ट्रार/शासकीय समापक।
5. रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण।
6. सचिव, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण।

विषयः राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में तकनीकी सदस्य के 02 (दो) पदों को भरना- आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए।

महोदय,

मुझे इस मंत्रालय के समसंख्यक परिपत्रों दिनांक 12 जनवरी, 2017 और 15 मई, 2017 का संदर्भ देने और पात्र भारतीय नागरिकों से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के अंन्तर्गत गठित भारतीय विधि कंपनी अपील अधिकरण में तकनीकी सदस्यों (वेतन 2,25,000/-रुपए) के दो पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करने का निदेश हुआ है। एनसीएलएटी का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है। यदि एनसीएलएटी की अन्य खंडपीठें देश के अन्य किसी स्थान पर गठित की जाती हैं तो चयनित उम्मीदवारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण की इन खण्डपीठों में कार्य करना होगा और इस नियुक्ति में अखिल भारतीय स्तर पर स्थानांतरण किया जा सकता है।

2. दिनांक 01 जून, 2017 की अधिसूचना संख्या सा.का.नि.514(अ) द्वारा अधिसूचित अधिकरण, अपील अधिकरण और अन्य प्राधिकरण (सदस्यों की योग्यताएं, अनुभव और अन्य सेवा शर्तें) नियम, 2017 के अनुसार तकनीकी सदस्य के पद के लिए निर्धारित योग्यताएं इस प्रकार हैं:

"तकनीकी सदस्य के योग्य व्यक्ति प्रमाणित योग्यता, सत्यनिष्ठा के साथ-साथ विधि, औद्योगिक वित्त, औद्योगिक प्रबंधन या प्रशासन, औद्योगिक पुनर्निर्माण, निवेश, लेखाकारिता या ऐसे अन्य किसी विषय में जो केन्द्र सरकार के विचार से एनसीएलएटी के लिए उपयोगी हो, में विशेष ज्ञान और कम से कम पच्चीस वर्ष का व्यावसायिक अनुभव रखता हो।"

3. कोई व्यक्ति तकनीकी सदस्य के रुप में नियुक्ति का पात्र तब तक नहीं होगा जब तक कि वह आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख तक 50 (पचास) वर्ष की आयु [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 413(4)] पूरी न कर चुका हो।

4. प्रत्येक सदस्य अपना कार्यभार संभालने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पद पर बना रहेगा, परंतु वह अतिरिक्त तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा। तथापि नियुक्ति का कार्यकाल 67 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के अध्यधीन है।

5. चयनित व्यक्तियों को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व एक चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

6. पहले से ही सरकारी सेवा वाले व्यक्तियों के आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए। अग्रेषण प्राधिकारी को यह भी प्रमाणित (अनुलग्नक-II में दिए गए प्रपत्र में) करना होगा कि आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टियों का सत्यापन अभिलेखों से कर लिया गया है तथा इन्हें सही पाया गया है और अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता कार्यवाहियां न तो लंबित है अथवा न ही करने का विचार है एवं पिछले 10 वर्षों के दौरान इस अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है। अग्रेषण अधिकारी को आवेदक के पिछले 5 वर्षों के अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर भी संलग्न करने होंगे। यदि चयनित व्यक्ति पहले से ही सरकारी सेवा में हो तो वह अपने मूल संवर्ग या मंत्रालय या विभाग, जैसा भी मामला हो, में धारणाधिकार रख सकता है जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. अनुलग्नक-I में दिए गए प्रपत्र में विधिवत रुप से पूर्ण आवेदन-पत्र अधोहस्ताक्षरी अर्थात् रियाजुल हक, अवर सचिव, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा सं. 526, 'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को 07 सितंबर, 2017 तक मिल जाने चाहिएं। आवेदन पत्र मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in. तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट www.persmin.nic.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

8. जिन आवेदकों ने रिक्ति परिपत्र दिनांक 12 जनवरी, 2017 और 17 मई, 2017 के प्रत्युत्तर में कंपनी विधि अपील अधिकरण के तकनीकी सदस्यों के 02 पदों हेतु आवेदन किया है और वे पैरा 2 में दी गई पदो की योग्यताओं को पूरा करते हैं तो उन्हें दुबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

9. उनके आवेदन पर अधिकरण, अपील अधिकरण और अन्य प्राधिकरण (सदस्यों की योग्यताएं, अनुभव और अन्य सेवा शर्तें) नियम, 2017 और वर्तमान परिपत्र में दी गई योग्यताओं और सेवा शर्तों के अधीन विचार किया जाएगा।

भवदीय,

(रियाजुल हक)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रतिलिपि:

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मुख्यालय के सभी अधिकारी, नई दिल्ली।
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. ई-गर्वनेंस सेल कारपोरेट कार्य मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति पत्र को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

## राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में तकनीकी सदस्य के पद के लिए आवेदन का फार्मेट

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | *पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ की साक्ष्यांकित प्रति चिपकाएं* |
| 2. | आवेदन किए गए पद का नाम | | |
| 3. | जन्म तिथि (प्रमाण की प्रति संलग्न की जानी है) | | |
| 4. | पिता का नाम | | |
| 5. | क्या अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व के सदस्य हैं | | |
| 6. | (i) पत्राचार हेतु पता<br>(ii) दूरभाष संख्या- (आवास/कार्यालय)/मोबाईल<br>(iii) फैक्स संख्या<br>(iv) ई-मेल आईडी (अनिवार्य) | | |
| 7. | स्थायी पता<br>(दूरभाष/फैक्स संख्या सहित) | | |
| 8. | वर्तमान व्यवसाय/वृत्ति/नौकरी | | |
| 9. | पिछले तीन वर्षों की व्यावसायिक आय/परिलब्धियां<br>(वर्ष-वार ब्यौरे दें) | | |
| 10. | विपरीत कालानुक्रम में शैक्षिक अर्हताएं<br>(डिग्री/डिप्लोमा की स्वसाक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें) | | |

| विश्वविद्यालय/ समकक्ष संस्थान का नाम | डिग्री | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांकों का प्रतिशत | शैक्षिक विशेष योग्यता | विषय/ विशेषज्ञता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | बताएं कि पैरा 2 और पैरा 3 में उल्लिखित संबंधित योग्यता मानदंड पूरे किए गए हैं। | |
| 12. | नीचे दिए गए प्रपत्र में विपरीत कालानुक्रम में वर्तमान और पूर्व रोजगार के ब्यौरे: | |

| नियोक्ता का नाम और पता | पदनाम, वर्तमान वेतन सहित वेतनमान | क्या नियमित/ प्रतिनियुक्ति /तदर्थ आधार पर हैं | सेवा की अवधि | | कार्य की प्रकृति/अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | **(i) व्यावसायिक वृत्ति के ब्यौरे (जहां लागू हो)**<br><br>**(ii) परिपत्र के पैरा 2 में उल्लिखित अर्हताओं के अंतर्गत पात्रता**<br><br>(क) अनुभव के वर्षों की संख्या,<br>(ख) अनुभव का संबंधित क्षेत्र,<br>(ग) ऐसे अनुभव की अवधि सहित ब्यौरे,<br>(घ) विशेषज्ञता का क्षेत्र, यदि कोई हो।<br><br>(प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों साथ पात्रता प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़ों की साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न की जाएं) | |
| 14. | आवेदक की कोई अन्य विशेष अर्हता अथवा अनुभव अथवा प्रकाशन जिसमें अर्हताओं में यथाविनिर्दिष्ट मामलों से निपटने का अनुभव भी शामिल है।<br>**(पृथक शीट संलग्न करें, यदि आवश्यक हो)** | |
| 15. | पदभार ग्रहण करने हेतु अपेक्षित सूचना की अवधि | |
| 16 | यदि उम्मीदवार सरकारी सेवा में न हो, तो दो जिम्मेदार व्यक्तियों (जो रिश्तेदार न हों) के नाम व पते | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है। चयन होने की स्थिति में, मैं सरकार द्वारा इस पद से संबंधित समय-समय पर तैयार निबंधन एवं शर्तों का पालन करूंगा।

**स्थान:**
**तारीख:**

**(हस्ताक्षर)**

नाम : ____________________

**<u>अनुलग्नक-II</u>**

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाला प्रमाण पत्र)**

यह प्रमाणित किया जाता है कि ........................................................... द्वारा दिए गए विवरण सही हैं तथा वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव रखते करते हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) श्री/श्रीमती ................................ के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) उनका गोपनीय प्रतिवेदन (सीआर/एपीएआर) मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले पांच वर्षों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों (एसीआर/एपीएआर) की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित छाया प्रतियां संलग्न हैं।

(iv) "पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है।"

(v) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है।"

हस्ताक्षर .........................
नाम और पदनाम ..............................
दूरभाष ..........................

कार्यालय मुहर

स्थान :
दिनांक :

अनुलग्नकों की सूची :
1.
2.
3.
4.
5.

(जो लागू न हो उसे काट दें)